प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 06.01.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व समारोह में हुए शामिल : कहा– सिख गुरुओं का बलिदान हमें आगे बढ़ने के लिये करता है प्ररित।
2. गोरखपुर–शामली हाईवे के लिये सीमांकन का काम जल्द होगा शुरू : राज्य के 15 जिलों से होकर गुजरेगा यह राष्ट्रीय राजमार्ग।
3. प्रयागराज में होने जा रहे महाकुंभ की तैयारिया चरम पर : 5 एकड़ क्षेत्रफल में बन रहा है उत्तर प्रदेश पवेलियन।

और

4. प्रदेश में आगामी तीन दिनों तक जारी रहेगा शीतलहर का प्रकोप : कोहरे से रेल, सड़क और हवाई यातायात प्रभावित।

——————

खालसा पंथ के संस्थापक और दसवें सिख गुरू गोबिंद सिंह का 358वां प्रकाश पर्व प्रदेशभर में पारम्परिक हर्षोल्लास और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। गुरूद्वारों को भव्यता के साथ सजाया गया है और विशेष अरदास तथा लंगर के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ

के डीएवी कॉलेज मैदान में आयोजित समारोह में शामिल हुए। अपने संबोधन में श्री योगी ने कहा कि सिख गुरूओं का बलिदान हमें आगे बढ़ने के लिये प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि गुरू गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना कर न सिर्फ जाति भेद को खत्म करने का काम किया बल्कि, समाज को सत्य, न्याय, धर्म और भलाई के लिये प्रेरित किया। गुरू गोबिंद सिंह महाराज ने समाज के उपेक्षित वर्ग के लोगों के मुख्य धारा में शामिल कर सामाजिक समरसता की अनुपम मिसाल पेश की। बाइट....

*गुरु गोविंद सिंह जी महाराज खालसा पंथ की स्थापना जाति भेद को छुआछूत की भावना को सर्वथा समाप्त करने के उद्देश्य से उन्होंने की उस समय की विधर्मी ताकतों को उन्होंने उस रास्ते से हटने के लिए कहा तो देश और धर्म के मार्ग में बाधक है और इसीलिए हम लोग आज भी कहते हैं याद करना सिख गुरुओं ने जो परंपरा डाली गुरु नानक देव जी से लेकर के गुरु गोविंद सिंह जी महाराज तक सिख गुरुओं का ये गौरवशाली इतिहास एक नई प्रेरणा प्रदान कर रहा है हम सबको।*

समारोह में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और राज्य मंत्री बलदेव औलख सहित सिख समुदाय के गणमान्य लोग भी मौजूद थे। उधर, अमरोहा में श्री गुरू गोबिंद सिंह का प्रकाश पर्व पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया। अखंड पाठ के आयोजन के साथ–साथ कीर्तन दरबार सजाये गये और लंगरों का आयोजन किया गया। इसके अलावा लखनऊ के आसपास के जिलों में भी गुरूद्वारों में सिख समुदाय के लोगों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है।

——————

प्रदेश में नये गोरखपुर–शामली राष्ट्रीय राजमार्ग के लिये सीमांकन का काम जल्द शुरू हो जायेगा। बताया जा रहा है कि नया हाईवे गोरखपुर से शुरू होगा और महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर और श्रावस्ती जिलों से होता हुआ बहराइच तक आयेगा, उसके बाद लखनऊ और सीतापुर के उत्तर से होते हुए लखीमपुर जिले के बीच से गुजरेगा। इसी तरह पीलोभीत, बरेली और मुरादाबाद के उत्तर से गुजरते हुए बिजनौर, मेरठ और शामली को जोड़ेगा। एनएचएआई ने बताया कि सीमांकन के बाद जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। हाईवे का निर्माण कार्य 3 वर्षो में पूरा किया जायेगा।

——————

प्रदेश में होने जा रहे महाकुंभ की तैयारियां चरम पर है। धार्मिक नगरी वाराणसी में भी महाकुंभ के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इन श्रद्धालुओं को सुगम और सुरक्षित यात्रा करवाने के लिये रेलवे ने भी प्रभावी कदम उठाये हैं। उत्तर रेलवे के एडीआरएम लालजी चौधरी ने तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया......

*कुम्भ मेला के लिए तैयारी कर रहे हैं। बेसिकली होल्डिंग एरिया लेकर के सेफ्टी के लिए पब्लिक में सारी चीजें की रेलवे व्यवस्था कर रही है। होल्डिंग एरिया की जानकारी रहे। पोस्टर बने है। पब्लिक को इन्फॉर्मेशन जगह जगह जल्दी मिल सके। टिकटिंग के लिए ऐसे स्टेप्स है वो दिए गए हैं। क्यूआर कोड दिए गए हैं। आरपीएफ के लिए जैसे जो स्टेप्स गाइड*

*करना है। रात में रेड एंड ग्रीन पैटर्न उसके यूज के लिए दिए जा रहे हैं और साथ में मोबाइल जो अराउंड क्लॉक चलेंगे उसके लिए भी व्यवस्था की है। ये बॉल है क्वालिटी ये है की ज्यादा हीट होने पर ये ऑटोमैटिक फट जाता है। फैल करके वहाँ ऑक्सीजन कम कर देता है। तो आग अपने आप बुझ जाती है।*

———————

**प्रदेश सरकार के डिजिटल महाकुंभ की परिकल्पना को उत्तर प्रदेश पुलिस साकार कर रही हैं। कुंभ मेला क्षेत्र में तैनात पुलिसकर्मियों की हाजिरी कागज पर दर्ज होने के बजाय अब बायोमैट्रिक तरीके से रिकॉर्ड की जा रही है। पेश है एक रिपोर्ट......**

*प्रयागराज में हो रहे महाकुंभ–2025 में 40 करोड़ श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान कराने के लिये लगभग 50 हजार पुलिस कर्मी तैनात होंगे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंभ मेला क्षेत्र राजेश द्विवेदी ने बताया कि कुंभ मेला में आये पुलिस कर्मी को सॉफ्ट स्किल, आपदा प्रबंधन, भौगोलिक स्थितियों की जानकारी देने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस दौरान सभी पुलिस कर्मियों की अटेंडेंस बायोमेट्रिक तरीके से रिकॉर्ड की जा रही है, जिससे हाज़िरी लगाने में समय की बचत के साथ ही रिकॉर्ड मेंटेन करने में भी आसानी हो रही है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से फ़ज़ल इनाम।*

———————

**प्रयागराज महाकुंभ में पर्यटन विभाग पांच एकड़ क्षेत्रफल में उत्तर प्रदेश पवेलियन बना रहा है। इसमें राज्य के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों की झलक दिखेगी और प्रसिद्ध हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगायो जायेगी। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पवेलियन दस जनवरी से शुरू हो जायेगा। इसमें राज्य के रामायण सर्किट**

और कृष्ण ब्रज सर्किट सहित बारह प्रमुख सर्किटों को दिखाया जायेगा। पवेलियन में राज्य के सभी पचहत्तर जिलों के ओडीओपी उत्पादों के स्टाल भी लगाये जायेंगे।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारां का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश डिजाइन एवं शोध संस्थान के नये भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्रीमती पटेल ने कहा कि संस्थान द्वारा कला, डिजाइन और शोध के क्षेत्र में बेहतर काम किये जा रहे हैं और यह प्रदेश के कारीगरों, बुनकरों और हस्तशिल्पियों के लिये महत्वपूण है। उन्होंने कहा कि हस्त निर्मित उत्पादों को बनाने में लगने वाले समय और मेहनत के अनुसार मूल्यों का निर्धारण किया जाना चाहिये। श्रीमती पटेल ने कहा कि संस्थान को

कम आय वाली महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण देना चाहिये, ताकि उनके हुनर को और मजबूती मिल सके।

————————

प्रदेश में घने कोहरे और कड़ाके की ठंड से जन–जीवन प्रभावित है। कोहरे की वजह से दृश्यता कम होने स सड़क, रेल और हवाई यातायात भी खासा प्रभावित है। वहीं राज्य के 40 से अधिक जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश बताया कि आगामी तीन दिनों तक शीतलहर जारी रहने का अनुमान है। बाइट....

*फॉग का असर रहेगा लेकिन साथ ही में थोड़ा हवाओं का भी असर रहेगा। आने वाले दिनों में कुल मिलाकर जो ठंड है वो बनी रहेगी। इसलिए हम आने वाले अगले तीन दिनों के लिए कोल्ड डे दिन में ठंड का जो असर ठिठुरन है वो बना रहेगा और साथ ही में अर्ली मॉर्निंग में कोहरे का भी असर देखने को मिलता रहेगा। तापमान अभी अपने सामान से काफी नीचे चल रहा है। दिन का तापमान अपने सामान से तीन से पाँच डिग्री की कमी देखी जा रही है जो आने वाले दिनों में भी लगभग इसी के दौरान रहेगा। तीन से पाँच डिग्री की कमी रहेगा जो रात का टेम्परेचर है वो आने वाले दिनों में थोड़ी सी उसमें भी कमी देखने को मिलेगी।*

वहीं बलरामपुर और शामली सहित कई स्थानों पर हल्की बारिश से सर्दी में बढ़ोत्तरी हुई है। लखनऊ, बाराबंकी, अमरोहा, बलरामपुर सहित कई जगहों पर धूप निकलने से लोगों को राहत मिली है।

————————

लखनऊ में जारी अतंर्राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता में आज भारतीय टीम ने यूथ वर्ग में कजाकिस्तान को हरा कर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 31 गोल किये, जबकि कजाकिस्तान सिर्फ 27 गोल ही कर सकी।

आज का आखिरी मैच, जूनियर श्रेणी का सेमीफाइनल है जो भारत और कजाकिस्तान के बीच खेला रहा है।

---------

प्रदेश के सभी जिलों की एक गौशाला को गौ आधारित प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षण केन्द्र बनाया जायेगा। यह जानकारी राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम धारी गुप्ता ने आज अयोध्या में मीडिया को दी। उन्होंने बताया कि गौवंश संरक्षण और संवर्धन के लिये केन्द्र सरकार के साथ–साथ प्रदेश सरकार भी प्रभावी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में मौजूद अपशिष्ट से जीवाश्म पेस्टिसाइड बनाया जायेगा, जिसका उपयोग खेती में हो सकेगा। श्री गुप्ता ने कहा कि इस योजना से राज्य के लगभग बीस लाख किसान लाभान्वित होंगे। सरकार ने इस मद में पांच सौ करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया है।

(समाप्त)